वर्ष-01, अंक-320
छपरा
23 सितम्बर सोमवार 2024

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# 57 दिन में ट्रेन पलटाने की 23 कोशिशें, बड़ी साजिश

## कानपुर में ट्रैक पर सिलेंडर, एमपी में ट्रैक पर बिछाए डेटोनेटर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कानपुर में प्रेमपुर स्टेशन के पास गुड्स ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश रची गई। ट्रैक पर एक छोटा सिलेंडर रखा मिला। रविवार सुबह करीब 6 बजे लूप लाइन पर लोको पायलट ने सिलेंडर देखते ही इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को सिलेंडर से 10 फीट पहले ही रोक लिया। देश में ट्रेन को बेपटरी करने की यह 57 दिन में 23वीं कोशिश है। इससे पहले 20 सितंबर को सूरत में रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़ की गई थी। इस मामले की जांच एनआईए को सौंपी गई है। वहीं, 18 सितंबर को मध्य प्रदेश के नेपानगर में दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक पर डेटोनेटर बिछाए गए थे। इससे आर्मी अफसरों की ट्रेन को बेपटरी करने की कोशिश की गई। हालांकि रेलवे अधिकारी अलर्ट हो गए थे। उन्होंने ट्रेन रुकवा दी थी। ट्रेन को बेपटरी करने की बढ़ती कोशिशों को देखते हुए केंद्र सरकार रेलवे एक्ट में संशोधन करने जा रही है। इस बारे में जल्द अधिसूचना जारी हो सकती है। इसके तहत हादसे की साजिश करने पर देशद्रोह का केस दर्ज किया जाएगा। कानपुर के प्रेमपुर स्टेशन पर सिलेंडर रखे होने की सूचना मिलते ही रेलवे के सीनियर अफसर, आरपीएफ, जीआरपी और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अफसरों ने बताया कि मालगाड़ी कानपुर से प्रयागराज जा रही थी। ट्रैक पर रखा 5 किलो का सिलेंडर खाली था। यूपी में 38 दिनों में ट्रेन पलटाने की यह 5वीं साजिश है। इससे पहले कानपुर में ही 8 सितंबर को भरा सिलेंडर रखकर कालिंदी एक्सप्रेस को डिरेल करने की साजिश रची गई थी। 18 सितंबर को मध्य प्रदेश के बुरहानपुर से आर्मी की ट्रेन गुजरने वाली थी। ट्रेन खंडवा से होते हुए तिरुवनंतपुरम जा रही थी। इसमें आर्मी के अफसर, कर्मचारी और काफी असलाह मौजूद था। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, सागफाटा के पास ट्रैक पर 10 डेटोनेटर करीब एक से डेढ़ फीट के अंतराल से रखे गए थे। सूचना मिलने पर ट्रेन को सागफाटा में रोक दिया गया। रेलवे एक्ट के मौजूदा प्रावधानों में रेलवे अधिनियम-1989 की धारा 151 के तहत रेल हादसे की साजिश सिद्ध होने पर अधिकतम 10 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है।

# इस्तीफे पर केजरीवाल बोले-लांछन के साथ नहीं जी सकता

- ईमानदार लगूं तो वोट देना, भागवत से पूछा-मोदी के लिए 75 साल में रिटायरमेंट क्यों नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जनसभा की। उन्होंने 2011 में हुए अन्ना आंदोलन और पहली बार चुनाव जीतने की घटना का जिक्र किया। कहा- हम पहली बार में ही ईमानदारी के दम पर सत्ता में आ गए। इस्तीफे पर केजरीवाल ने कहा- सत्ता और कुर्सी का लालची नहीं हूं। भाजपा ने भ्रष्टाचारी और चोर कहा तो दुख हुआ। लांछन के साथ कुर्सी तो क्या सांस भी नहीं ले सकता हूं, जी भी नहीं सकता। अगला दिल्ली चुनाव मेरी अग्नि परीक्षा है, अगर ईमानदार लगूं तो ही वोट देना। एएपी संयोजक ने संघ प्रमुख मोहन भागवत से 5 सवाल पूछे। कहा- जब 75 साल में लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और कलराज मिश्र जैसे नेताओं को रिटायर कर दिया तो ये नियम मोदी पर लागू क्यों नहीं। अमित शाह कह रहे हैं कि मोदी पर लागू नहीं होगा। भागवत जी जवाब दीजिए।

# किसी भी पत्थरबाज या आतंकी को नहीं किया जाएगा रिहा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवाद पर कड़ा रुख अपनाते हुए रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में किसी भी पत्थरबाज या आतंकवादी को रिहा नहीं किया जाएगा और जब तक आतंकवाद का सफाया नहीं कर दिया जाता तब तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। शाह ने आतंकवाद के मुद्दे पर कांग्रेस और फारुक अब्दुल्ला को घेरा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आतंकवाद अब अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को बीजेपी प्रत्याशी रविंद्र रैना के समर्थन में प्रचार करने जम्मू-कश्मीर के नौशेरा पहुंचे। उन्होंने आतंकवाद का जिक्र कर जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारुक अब्दुल्ला और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अब्दुल्ला साहब, आप चिंता मत कीजिए, चुनाव संपन्न होने के बाद हम लोग श्वेतपत्र लेकर आने वाले हैं, जो कांग्रेस को, आपको और मुफ्ती परिवार को पूरी तरह से एक्सपोज करेगा। आखिर आतंकवाद घाटी में कौन लेकर आया। किसकी शह पर आया। उस वक्त केंद्र में किसकी सरकार थी और घाटी में किसका शासन था। किसने आतंकवादियों के साथ बिरयानी खाई थी। यह पूरा कच्चा चिट्ठा हम खोलकर रखने वाले हैं।

# तिरुपति मंदिर में हर रोज 8 से 9 लाख लड्डू परोसने की तैयारी, कर्नाटक मिल्क फेडरेशन विक्रेता से आएगा घी



**तिरुपति, एजेंसी।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर में लड्डुओं की गुणवत्ता को तुरंत बहाल करने का वादा किया है। बोर्ड ने कहा है कि अब लड्डुओं में इस्तेमाल होने वाले घी के लिए कर्नाटक मिल्क फेडरेशन (केएमएफ) के नए घी विक्रेता की सेवा ली जाएगी। यह फैसला उस विवाद के बाद लिया गया है जिसमें लड्डुओं में जानवरों की चर्बी पाए जाने के आरोपों से राज्य में एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। शनिवार को टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव ने मीडिया से कहा, अब लड्डुओं की गुणवत्ता और उनमें इस्तेमाल होने वाले घी पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। टीटीडी ने शनिवार को अन्य प्रसादों में गाय के घी और दूध से बने उत्पादों के इस्तेमाल को अस्थायी रूप से रोक दिया है। टीटीडी की रसोई, जिसे पोटु कहा जाता है, इसमें अब प्रसिद्ध नंदिनी ब्रांड का घी भेजा जा रहा है। नंदिनी ब्रांड कर्नाटक मिल्क फेडरेशन (केएमएफ) का प्रमुख ब्रांड है। यह ब्रांड मुख्य रूप से दूध और दूध से बने उत्पादों जैसे घी, मक्खन, दही, पनीर आदि के लिए प्रसिद्ध है। नंदिनी ब्रांड के उत्पाद कर्नाटक सहित पूरे भारत में लोकप्रिय हैं और इसकी गुणवत्ता और विश्वसनीयता के कारण उपभोक्ताओं के बीच इसकी बड़ी मांग है। चस्म्न भारत के सबसे बड़े दुग्ध उत्पादक संघों में से एक है और यह नंदिनी ब्रांड के तहत उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों की आपूर्ति करता है। शुक्रवार को 73,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने मंदिर का दौरा किया। आगामी ब्रह्मोत्सवम के लिए भी घी का स्टॉक जमा किया जा रहा है, जो 4 से 12 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस भव्य वार्षिक उत्सव में लाखों भक्तों के आने की उम्मीद है। आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश नायडू ने इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा, केएमएफ जैसा नया विक्रेता सर्वोत्तम गुणवत्ता का घी सप्लाई करने के लिए तैयार है। हमें घी की आपूर्ति को लेकर किसी संकट की आशंका नहीं है। मंदिर के रसोई प्रभारी मुनी रत्नम ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मंदिर रोजाना 8-9 लाख लड्डुओं का स्टॉक बनाए रखता है। ब्रह्मोत्सवम के दौरान मंदिर में 7-8 लाख भक्तों के आने की संभावना है, और लड्डुओं के लिए घी का पर्याप्त स्टॉक तैयार किया जा रहा है।

टीटीडी ने शनिवार को अन्य प्रसादों, जिन्हें श्रीवारी प्रसादम कहा जाता है, उसके लिए गाय के घी-आधारित उत्पादों का उपयोग अस्थायी रूप से रोक दिया। सूत्रों के अनुसार, टीटीडी की एक समिति ने मुफ्त भोजन या अन्न प्रसादम की तैयारी में निलंबित कर दिया गया है।

# हिंसा व हिरासत में मौत के बाद एक्शन में छत्तीसगढ़ सरकार, कबीरधाम के कलेक्टर व एसपी को हटाया

**कबीरधाम, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ सरकार ने कबीरधाम जिले में भीड़ द्वारा की गई हिंसा और हिरासत में हुई एक शख्स की मौत के बाद वहां के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) का तबादला कर दिया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने इस घटना के बाद पुलिसकर्मियों द्वारा ग्रामीणों से मारपीट किए जाने की सूचना पर रेंगाखार थाने के निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक सहित वहां पदस्थ कुल 23 पुलिसकर्मियों को भी हटा दिया है।

सरकार ने कबीरधाम जिले के कलेक्टर जन्मेजय महोबे के स्थान पर गोपाल वर्मा को कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव को हटाकर उनके स्थान पर राजेश कुमार अग्रवाल को पुलिस अधीक्षक पदस्थ किया गया है।

राज्य शासन ने महोबे को प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति निगम के पद पर तथा अभिषेक पल्लव को पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ किया है। अधिकारियों ने बताया कि कबीरधाम जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ आईपीएस विकास कुमार को पहले ही निलंबित किया जा चुका है।

इस बारे में जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव में 15 सितंबर को उप सरपंच रघुनाथ साहू के घर में हुई आगजनी और उनकी मौत की घटना की मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्होंने कलेक्टर और जिला दण्डाधिकारी कबीरधाम ने अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी निर्भय कुमार साहू को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। उन्हें 30 दिनों के भीतर निर्धारित बिन्दुओं पर जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

बता दें कि बीते रविवार को रेंगाखार थाना क्षेत्र के लोहारीडीह गांव में भीड़ ने उप सरपंच रघुनाथ साहू के घर में आग लगा दी थी। इस घटना में रघुनाथ साहू की मौत हो गई थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि रघुनाथ साहू पर हमला इस संदेह के कारण किया गया था कि उसने एक अन्य ग्रामीण कचरू साहू की हत्या की थी। कचरू साहू का शव पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के अंतर्गत बीजाटोला गांव में एक पेड़ पर लटका हुआ मिला था।

उप-सरपंच के घर हुई आगजनी के आरोप में 69 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, इसके बाद 18 सितंबर को न्यायिक हिरासत में प्रशांत साहू नाम के एक व्यक्ति की मौत ने और भी हंगामा खड़ा कर दिया।

# सुरक्षा परिषद से स्पेस तक... हर मुद्दे पर हुई सार्थक चर्चा


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर अमेरिका की धरती से चीन और पाकिस्तान की टेंशन बढ़ा दी है। पीएम मोदी के अमेरिका दौर पर दुनिया के तमाम देशों की नजर है। खासतौर पर चीन और पाकिस्तान की। दरअसल रूस दौरे के दौरान पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की गर्मजोशी से मुलाकात वाली तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं। अमेरिका की तरफ से भी मोदी पर तीखे हमले किए गए थे। ऐसे में भारत के पड़ोसी देश चीन और पाकिस्तान को लग रहा था कि अमेरिका- भारत के रिश्ते प्रभावित हुए हैं। लेकिन अब तस्वीर पूरी तरह बदल गई है।




पीएम मोदी का अमेरिका का दौरा भी भारत के हित में रहा है। इससे चीन-पाकिस्तान दोनों की टेंशन बढ़ गई है। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा और रूस के साथ युद्ध के बीच शांति संदेश की सराहना की। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का भी समर्थन किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और भारत के प्रधानमंत्री मोदी के बीच अमेरिका में हुई मुलाकात ऐतिहासिक बन गई है। मुलाकात में दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

# पीरियड्स के दौरान महिला कर्मचारियों को पेड लीव की तैयारी

## कर्नाटक सरकार ने बनाई कमेटी



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार ने महिलाओं से जुड़ा एक अहम फैसला करने वाली है। इसके तहत सरकारी और प्राइवेट दोनों सेक्टर्स में पेड पीरियड लीव का प्रस्ताव लाने वाली है। इसमें महिलाओं के लिए साल में छह दिन के पेड पीरियड लीव का प्रावधान है। इससे उन्हें माहवारी के दौरान होने वाली शारीरिक और मानसिक चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी। इसके लिए 18 सदस्यों की एक कमेटी गठित की गई है। यह महिलाओं के काम और जीवन के बीच संतुलन बनाएगा।

कर्नाटक के श्रम मंत्री संतोष लाड ने कहा कि यह छुट्टियां फ्लेक्सिबल होंगी। महिलाएं यह तय कर सकेंगी कि उन्हें कब छुट्टी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम प्रस्ताव की समीक्षा कर रहे हैं और समिति के सदस्यों के साथ बैठक बुलाई की है। इस पहल का उद्देश्य महिला कर्मचारियों का समर्थन करना है। महिलाओं को जीवन भर महत्वपूर्ण शारीरिक और भावनात्मक उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। संतोष लाड समिति के सदस्यों से मिलकर सिफारिशों पर चर्चा करेंगे जिसके बाद उन्हें जनता, कंपनियों और अन्य पक्षों के साथ परामर्श के लिए रखा जाएगा।

अगर यह पहल अमल में आती है तो कर्नाटक पीरियड लीव देने वाला चौथा राज्य बन जाएगी। इससे पहले बिहार, केरल और ओडिशा में महिला कर्मचारियों को यह छुट्टी दी जाती है। बिहार में 1992 में यह पॉलिसी शुरू हुई थी। इसमें महिलाओं को हर महीने दो दिन के मासिक धर्म अवकाश की अनुमति दी गई। वहीं, 2023 में, केरल ने सभी विश्वविद्यालयों और संस्थानों में महिला छात्रों के लिए मासिक धर्म अवकाश के साथ-साथ 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिला छात्रों के लिए 60 दिनों तक के मातृत्व अवकाश का प्रावधान किया। ओडिशा सरकार ने अगस्त में सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों में महिला श्रमिकों के लिए एक दिवसीय मासिक धर्म अवकाश नीति पेश की थी।

गौरतलब है कि दिसंबर 2023 में पूर्व केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने संसद में इसी तरह की योजना का विरोध करते हुए कहा था कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इसे विशेष अवकाश की जरूरत वाली समस्या के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। जुलाई 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में मासिक धर्म अवकाश पर पॉलिसी की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकारों पर छोड़ दी थी। उन्हें महिला छात्रों और कामकाजी महिलाओं के मामले पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।


वर्तमान में, कई देश मासिक धर्म अवकाश प्रदान करते हैं। 16 फरवरी, 2023 को, स्पेन मासिक धर्म अवकाश प्रदान करने के लिए कानून अपनाने वाला पहला यूरोपीय देश बन गया। इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान कुछ अन्य देश हैं जो वैतनिक अवकाश प्रदान करते हैं।

## नाबालिग से रेप के अपंग आरोपी को बॉम्बे हाई कोर्ट ने दे दी जमानत

**मुंबई, एजेंसी।** नाबालिग से रेप करने के दिव्यांग आरोपी को बॉम्बे हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। आरोपी स्पाइन डिसफैरिजम से ग्रसित है और 96 फीसदी विकलांग है। बचाव पक्ष ने कोर्ट में कहा कि जिस तरह की अपंगता से आरोपी ग्रसित है यह विश्वास करना ही संभव नहीं है कि उसने लड़की के साथ जबरदस्ती और यौन उत्पीड़न किया होगा। आरोपी अंधेरी का रहने वाला है। जस्टिस सारंग कोटवाल की सिंगल जज बेंच ने जमानत देते हुए कहा, आरोपी की शारीरिक स्थिति और ओरिजिनल विकलांगता प्रमाणपत्र के साथ पेश किए गए दस्तावेजों से प्रथम दृष्ट्या याचिकर्ता के दावे पूरी तरह से सही नहीं हैं। बेंच ने कहा कि मुकदमे और सुनवाई के दौरान 96 फीसदी दिव्यांक व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में रखने का कोई मतलब नहीं है। इसके बाद कोर्ट ने 15000 रुपये के निजी मुचलके पर आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया। आरोपी को 16 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया गया था। अंधेरी पुलिस के पास उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (2), 76 (2) (एन), 354-डी और 506 के तहत केस दर्ज करवाया गया था। पॉक्सो की धारा 4, 6 और 8 को भी इसमें शामिल किया गया था। नाबालिग लड़की की मां ने उसके खिलाफ केस दर्ज करवाया था। महिला ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसकी बेटी के साथ जबरदस्ती की और यौन शोषण किया।

## हिमाचल में फेल हुए 20 मेडिसिन के सैंपल, सरकार लेगी बड़ा ऐक्शन

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की 20 समेत देश भर में बनीं 59 दवाओं के सैंपल मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। हिमाचल में गैस्ट्रिक, अल्सर, निमोनिया, जीवाणु संक्रमण, डायरिया, गला दर्द, कब्ज, हार्ट का रक्त सुचारु करने, पीठ दर्द, थक्का रोधी, मानसिक रोग, मिर्गी, बुखार और ब्लड प्रेशर की दवाएं मानकों पर सही नहीं उतरी हैं। अब इनका लाइसेंस रद्द करने का नोटिस जारी किया जाएगा। राज्य ड्रग नियंत्रक मनीष कपूर ने अगस्त के ड्रग अलर्ट में सैंपल फेल होने की पुष्टि करते हुए बताया कि जिन दवा उद्योगों के सैंपल फेल हुए हैं, उन्हें लाइसेंस रद्द करने के लिए नोटिस जारी किए जाएंगे। बाजार से दवाओं का स्टॉक भी वापस मंगाया जाएगा। विभाग खुद भी सैंपलों की जांच करेगा। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के 14, ऊना का एक और सिरमौर के पांच दवा उद्योगों के सैंपल फेल हुए हैं। सिरमौर के मोगीनंद में स्थित गेनोसिस फार्मास्युटिक कंपनी की गैस्ट्रिक की दवा, कालाअंब स्थित डिजिट विजन कंपनी की अल्सर की दवा पेटोमेड, बद्दी स्थित ऐलक्सा कंपनी की निमोनिया की दवा मोक्सीकाईड सीवी, सिरमौर स्थित एमजी लाइफ साइंस की जीवाणु संक्रमण की दवा अमाक्सिसाइक्लिन, झाड़माजरी के स्कोटोडिल कंपनी की इंसुलिन बढ़ाने वाली दवा मेटफामिन, परवाणू की लिजन हेल्थकेयर की डायरिया की दवा रिक्सिम, मलकूमाजरा की मेक्स स्टार कंपनी की गले की दर्द की दवा फैक्सोफेनाडाइन दवा के दो सैंपल फेल हुए हैं।

# स्टूडेंट्स क्लब बना 41वीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का ओवर ऑल चैम्पियन

## दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट मीट का हुआ शानदार समापन



**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** सारण जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में हाई स्कूल क्रीड़ा मैदान में आयोजित 41वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मेजबान टीम ने बाजी मारी.स्टूडेंट्स क्लब अमनौर को जहां ओवरऑल चैम्पियन घोषित किया गया.वहीं पुरुष, महिला, जूनियर बालक और सब जूनियर बालक व बालिका का ग्रुप चैंपियनशिप भी उसी के नाम रहा.केवल जूनियर बालिका वर्ग में उच्च विद्यालय कोल्हुआ को चैम्पियनशिप से संतोष करना पड़ा.विजेता टीम को तरैयां विधायक जनक सिंह ने कप प्रदान कर सम्मानित किया.अतिथियों के समक्ष रिले रेस का आयोजन किया गया.जिसके बालक वर्ग में अमनौर ने प्रथम, मढ़ौरा ने द्वितीय और बनियापुर तृतीय स्थान पर रहे. बालिका वर्ग में अमनौर प्रथम, परसा द्वितीय और बनियापुर तृतीय स्थान पर रहे.

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के 100 मीटर रेस में रोहित प्रथम, अनिकेत द्वितीय और सकलैन तृतीय स्थान पर रहे. 200 मीटर रेस में अरुण प्रथम, अभिजीत द्वितीय और राजा तृतीय स्थान पर रहे.400 मीटर रेस सूरज प्रथम, अभिजीत द्वितीय और विवेक तृतीय स्थान पर रहे.800 मीटर रेस में शत्रुध्न प्रथम, आकाश द्वितीय और आकाश कुमार तृतीय स्थान पर रहे.पांच हजार मीटर रेस में रंजीत प्रथम, विशाल द्वितीय और धीरज तृतीय स्थान पर रहे.1500 मीटर रेस में शत्रुध्न प्रथम, आकाश द्वितीय और कुंदन तृतीय स्थान पर रहे. शॉटपुट में रॉबिन प्रथम, मोनू द्वितीय और रवि तृतीय स्थान पर रहे.ऊंची कूद में रोहित प्रथम, मंतोश द्वितीय और रौशन तृतीय स्थान पर रहे.डिस्कस थ्रो में रॉबिन प्रथम, संजीव द्वितीय और सचिन तृतीय स्थान पर रहे.जेवलिन थ्रो में सूरज प्रथम, रोहित द्वितीय और विशाल तृतीय स्थान पर रहे.जूनियर बालक वर्ग के शॉटपुट में रितिक प्रथम, विवेक द्वितीय और पल्लव तृतीय स्थान पर रहे.ऊंची कूद में गोलू प्रथम, कर्ण द्वितीय और विवेक तृतीय स्थान पर रहे.लंबी कूद में रितेश प्रथम, गोलू द्वितीय और कुंदन तृतीय स्थान पर रहे.डिस्कस थ्रो में रितिक प्रथम, पल्लव द्वितीय और अमन तृतीय स्थान पर रहे.डिस्कस थ्रो में रितिक प्रथम, पल्लव द्वितीय और अमन तृतीय स्थान पर रहे.जेवलिन थ्रो में सूरज कुमार प्रथम, साहिल द्वितीय और मोहित तृतीय स्थान पर रहे.

सब जूनियर बालक वर्ग के 60 मीटर रेस में कनिष्क प्रथम, आदित्य द्वितीय और पवन तृतीय स्थान पर रहे.लंबी कूद में कनिष्क प्रथम, रौशन द्वितीय और अनुराग तृतीय स्थान पर रहे.ऊंची कूद में आदित्य प्रथम और कनिष्क व अनुराग द्वितीय स्थान पर रहे.शॉट पुट में अनुभव प्रथम, अविनाश द्वितीय और अमित तृतीय स्थान पर रहे.जेवलिन थ्रो में आसिफ प्रथम, कन्हैया द्वितीय और आयुष तृतीय स्थान पर रहे.महिला वर्ग के 100 मीटर रेस में पिंकी प्रथम, प्रीति द्वितीय और चंचला तृतीय स्थान रहीं.200 मीटर रेस में प्रीति प्रथम, चंचला द्वितीय और पुष्पा तृतीय स्थान पर रहीं.400 मीटर रेस में रुखसार प्रथम, सीमा द्वितीय और साक्षी तृतीय स्थान पर रही.1500 मीटर रेस में रुखसार प्रथम, रीना द्वितीय और सीमा तृतीय स्थान पर रहीं.पांच हजार मीटर रेस में रीना प्रथम, शिव मालती द्वितीय और रंजीत तृतीय स्थान रहीं.लंबी कूद में कुमारी प्रीति प्रथम, पलक द्वितीय और अमृता तृतीय स्थान पर रहीं. ऊंची कूद में काजल प्रथम, पलक द्वितीय और निकिता तृतीय स्थान पर रहीं.शॉट पुट में सुरबंधिता प्रथम, पलक द्वितीय और शिवमालती तृतीय स्थान पर रहीं. जेवलिन थ्रो में सुरबंधिता प्रथम कंचन द्वितीय और पलक तृतीय स्थान पर रही.डिस्कस थ्रो में सुरबंधिता प्रथम, साक्षी द्वितीय और सोनाली तृतीय स्थान पर रहीं.जूनियर बालिका वर्ग के लंबी कूद में मनीषा प्रथम, कोमल द्वितीय और रीता तृतीय स्थान पर रहीं.ऊंची कूद में निभा प्रथम, आरती द्वितीय और कुमल तृतीय स्थान पर रहीं.डिस्कस थ्रो में आरती प्रथम, रूबी द्वितीय और पूजा तृतीय स्थान पर रहीं।

सब जूनियर बालिका वर्ग के लंबी कूद में श्वेता प्रथम, सुमन द्वितीय और अंतरा तृतीय स्थान पर रहीं.ऊंची कूद में अंतरा प्रथम और साक्षी द्वितीय पर रहीं.शॉटपुट में श्वेता प्रथम, एंजल द्वितीय और आयुषी तृतीय स्थान पर रहीं. जेवलिन थ्रो में रागिनी प्रथम, रितिका द्वितीय और सुमन तृतीय स्थान पर रहीं.प्रतियोगिता के दौरान पूर्व मंत्री सह विधायक जितेन्द्र कुमार राय ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ायासमापन समारोह में कार्यकारी जिलाध्यक्ष अजय सिंह, सचिव गजेंद्र सिंह, कार्यकारी सचिव निलाभ गुंजन ने अतिथियों का स्वागत किया.मौके पर जिला पारिषद की पूर्व जिलाध्यक्ष मीणा अरुण, सीओ अजय कुमार, अपर थानाध्यक्ष जयंत कुमार सिंह, पूर्व प्रत्याशी राहुल कुशवाहा, मुखिया भोलु सिंह, ठाकुर अमर कुमार सिंह, शिवानुग्रह नारायण सिंह, उज्जवल कुमार, सुभाष चंद्र, प्रदेश मुखिया संघ अध्यक्ष मिथिलेश राय,पूर्व प्राचार्य आर के शरण,कुलदीप महासेठ चंदन जी, सत्येंद्र दूरदर्शी आदि उपस्थित थे।

## मारपीट का फरार आरोपित गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** रसूलपुर थाना के सहायक पुलिस अवर निरीक्षक बेचन सिंह ने सशस्त्र पुलिस बल के सहयोग से थाना क्षेत्र के शिवरी मठिया गांव में छापेमारी कर मारपीट मामले के फरार आरोपित अंगद भारती को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि रसूलपुर थाने की पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार आरोपित को जेल भेज दिया।

## मारपीट में दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गये। घायलों में हेकाम गांव के मोहित कुमार सिंह, भरहोपुर गांव के आयुष कुमार, बंगरा गांव की सोनी कुमारी, काजल सिंह समेत पांच लोग शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया।इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## डकैत समेत चार फरार आरोपित को गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** जिले के एकमा थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक उदय कुमार ने सशस्त्र पुलिस बल के सहयोग से जनता बाजार थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव में छापेमारी कर एक अर्से से फरार डकैत बघवा नट को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि लगभग 14 वर्ष पूर्व एकमा थाना क्षेत्र के बनवारी अमनौर गांव में हुए डकैती कांड में बघवा नट अप्राथमिकी अभियुक्त था।वहीं एकमा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के परसागढ़ व गजियापुर गांव में छापेमारी कर मारपीट मामले के फरार तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में परसागढ़ गांव के वसंत मांझी के अलावा गजियापुर गांव के हरिशंकर बैठा व जितेन्द्र बैठा पिता पुत्र शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों से आवश्यक पूछताछ करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया है।

## प्रधानमंत्री की जन्म जयंती पखवाड़े के तहत सोनपुर के अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम संपन्न



**दैनिक खोज खबसोनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74 में जन्मदिवस पखवाड़ा के तहत आज सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के अनुमंडलीय रेफरल हॉस्पिटल में मरीज और शिशु वार्ड में और उसके बाद राहुल कुमार सिंह के जीवनदीप नर्सिंग होम में डॉक्टर सुनील कुमार के लक्ष्मी नर्सिंग होम में सोनपुर विधानसभा क्षेत्र से वरिय भाजपा नेता ओम कुमार सिंह के नेतृत्व में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पखवाड़े के तहत कई सारी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं उसी के तहत सोनपुर विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ भाजपा नेता ओम कुमार सिंह की नेतृत्व में कई सारे कार्यक्रम आयोजित किए गए है। आयोजित फल वितरण कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा नेता ओमकुमार सिंह, निवर्तमान नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु, वरीय भाजपा नेता धनंजय सिंह, शत्रुधन सिंह चन्दवंसी,ज्ञानसागर सिंह, मुकेश सिंह चौहान, दुर्गा दास, कृष्णन्दन राम, राजेश कुमार राज,राकेश कुमार सिंह, महेश कुमार,समाजसेवी बब्लु सिंह, भाजयुमो महामंत्री संजीव कुमार सिंह छोटु एवं वार्ड -=6 पार्सद राजीव किशोर गौतम, एवं वार्ड --8 पार्षद विनोद चौधरी उपस्थित थे। इस अवसर पर सैकड़ो मरीजों के बीच फल वितरित किया गया

## इसुआपुर में ग्रामीणों ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अगौथर नंदा गांव में ग्रामीणों ने एक युवक का हाथ पैर बांध दिया। वहीं लाठी डंडे से पीट-पीटकर तथा ईंट पत्थर से कुंच-कुंचकर मार डाला। मृतक उसी गांव के स्वर्गीय लक्ष्मण महतो का 25 वर्षीय पुत्र जीतू कुमार है। घटना शनिवार की देर शाम की बताई जा रही है। बेटे को बेरहमी से पिटते देख माता बुच्ची कुंवर ने इसकी सूचना इसुआपुर पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने वहां पहुंचकर अचेतावस्था में पड़े युवक को इलाज के लिए सीएचसी इसुआपुर ले आई। जहां से चिकित्सको ने उसे सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान युवक जीतू ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद लाश को परिजनों को सौंप दिया। घटना की प्राथमिकी मृतक की मां बुच्ची कुंवर ने इसुआपुर थाने में दर्ज कराई है। मृतक की विधवा काजल देवी, 3 वर्षीया पुत्री सलोनी कुमारी, 2 वर्षीया पुत्री कुसुम कुमारी तथा मृतक की माता का रो-रो कर हाल बुरा था । मृतक परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। दर्ज प्राथमिकी में घटना का कारण पुरानी दुश्मनी बताया जा रहा है।

## पत्रकार संघ की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**दैनिक खोज खबर/ मसौढ़ी (पटना)।** जिला आईरा पत्रकार संघ के तत्वावधान में रविवार को अनुमंडलीय स्तर पत्रकार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक मणीचक स्थित ममता मैरेज हॉल के सभागार कक्ष में हुई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने किया। बैठक में कई महत्वपूर्ण तथ्यों पर बारीकियों से विचार-विमर्श किया गया। जिसमें सरकार व आम जनता के मध्य एक मजबूत कड़ी के तहत पत्रकारों की स्वयं श्रम भूमिका के समक्ष अनेक चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रुप में निर्भीक, निष्पक्ष व अडिग रहने आदि विषय पर जोर दिया गया। साथ ही दुर्गा पूजा में पुलिस प्रशासन के सहयोग करने का सभी ने एक स्वर मे निर्णय लिया एवं संघ के संगठन की मजबूती पर सहमति प्रदान की। वहीं संगठन में तीन नए सदस्यों ने अनुमंडल पत्रकार संघ संगठन ज्वाइन किया। सभी सदस्यों ने उनका स्वागत किया। तीन नए सदस्यों की जुड़ते ही मसौढ़ी अनुमंडल पत्रकार संगठन की संख्या 26 हो गई ।संगठन के अध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय सभी सदस्यों के नए उपलब्धि के लिए आभार व्यक्त किया।

## सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस सर्किल क्षेत्र में घटित तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक छात्रा समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दो लोगों की हालत गंभीर बतायी जा रही है।छपरा-सिवान मुख्य सड़क मार्ग एनएच 531पर एकमा थाना क्षेत्र के माने मठिया गांव के समीप एक तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से एक किशोरी घायल हो गई। ठोकर मारने बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई और बाइक चालक भी घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को निजी वाहन से लाकर एकमा सामुदायिक में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एकारी गांव की छात्रा रिया कुमारी ट्यूशन पढ़कर पैदल अपने घर जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से एकमा की ओर से माने गांव स्थित अपने घर जा रहे बाइक के चालक छठ्ठू कुमार ने छात्रा को ठोकर मार दिया। ठोकर मारने के बाद बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई और बाइक चालक छठ्ठू कुमार भी घायल हो गया। वहीं दूसरी ओर मुख्य मार्ग पर रसूलपुर थाना क्षेत्र के टॉल प्लाजा के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक चालक ने पीछे से चपरैठा गांव निवासी बुजुर्ग अर्जुन ठाकुर को ठोकर मार दिया। बाइक की ठोकर से अर्जुन ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाइक चालक मौके से फरार हो गया। उधर मांझी-बरौली सड़क एस एच 96 पर नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के गंजपर गांव में सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार ऑटो की ठोकर से गंजपर गांव के निवासी युवक मुकेश चौधरी घायल हो गये। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल अर्जुन ठाकुर और मुकेश चौधरी को बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/ मसौढ़ी (पटना)।** रविवार को मसौढ़ी थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठकआयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष विजय कुमार यादवेंदु ने किया। वहीं बैठक में कई जनप्रतिनिधियों एवं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिवों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विजय कुमार यादवेंदु ने बैठक में शांति पूर्वक दुर्गा पूजा समारोह आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में किसी प्रकार का डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ न हो एवं सरकार द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन के अनुसार ही दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया जाय।

# जीडी के अभ्यर्थियों का हुआ निःशुल्क हेल्थ चेकअप



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शहर के श्यामचाक स्थित संजीवनी इंस्टिट्यूट आफ पैरामेडिकल परिसर में रविवार को विश्व की सबसे बड़ी स्वयं सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब छपरा सारण के तत्वाधान में सारण फिजिकल एकेडमी के जीडी के मेंस परीक्षा निकालने वाले छात्र छात्राओं का निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंम्प जांच किया गया। निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंम्प में लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार, लायंस डॉ ओपी गुप्ता ने सभी छात्रों का जांच किया। इस मौके पर डॉ अनिल कुमार ने बताया कि संजीवनी इंस्टिट्यूट आफ पैरामेडिकल,लायंस क्लब छपरा सारण के तवधान में छपरा में पहली बार इस तरह का आयोजन किया गया। इस कैंम्प का आयोजन करने का मुख्य उदेश्य यह है कि जो भी जीडी पुलिस आर्मी या अन्य सेना के तैयारी करने वाले जो भी छात्र होते है परीक्षा निकालने के बाद मेडिकल में जाते है और नर्भस हो जाते है कि क्या चेकअप होगा क्या नहीं कैसे होगा इसको लेकर पहले से मन में डर लेकर जाते है और वहां घबराने के वजह से बहुत बार यह होता है कि छट जाते है। इसी को लेकर यह आयोजन किया है। जिसमें मेडिकल में जो भी जांच होता है वो सब किया गया है.जिसमें प्लस, अक्सीजन, वेट, आंख, कान, दाँत, हाइट, चेस्ट, बीपी, बोल चाल, घुटना सटना, हाथ कापना, उसके बाद जो भी कमिया दिखाई दि उसके लिए ऐक्सरजाई करने को बताया गया और बताया गया कि इस तरह से मेडिकल का जांच होता है। इस मौके पर सारण फिजिकल एकेडमी के संचालक मिंटू कुमार ने डॉ अनिल कुमार का यह आयोजन में अपना योगदान देने के लिए साधुवाद किया. लायंस डॉ ओपी गुप्ता ने सभी का दांत चेक किया और साफ सफाई करने का सलाह दी और बताया कि किस तरह से मेडिकल में दांत चेक किया जाता है उसके लिए उन्होंने एक्सरसाइज करने को टिप्स दीइस मौके पर लायंस डॉ अनिल कुमार, लायंस शैलेन्द्र कुमार सिंह, लायंस प्रमोद मिश्रा, मिंटू कुमार, अभय राय, सम्भु राय, इत्यादि मौजूद थे।

# 8वीं बिहार जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता का विजेता बेगूसराय व उपविजेता नवादा बना

## शेखपुरा एवम भोजपुर ने संयुक्त रूप से तीसरे स्थान की ट्रॉफी अपने नाम किया



**दैनिक खोज खबर/पटना।** बिहार हैंडबॉल संघ के तत्वाधान में सहरसा जिला हैंडबॉल संघ द्वारा सहरसा स्टेडियम में 20 से 23 सितंबर तक आयोजित बिहार राज्य 8 वी हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बेगुसराय एवम नवादा जिला के बीच रोमांचक रहा । बेगुसराय ने 25 - 23 के अंतर से मैच अपने नाम कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। नवादा को उपविजेता ट्रॉफी मिली। पहले सेमीफाइनल में बेगुसराय से 30 - 19 गोल से पिछड़े शेखपुरा एवम दूसरे सेमीफाइनल में नवादा से 21- 11 गोल के अंतर से पिछड़े भोजपुर को संयुक्त रूप से तीसरे स्थान की ट्रॉफी मिली। ट्रॉफी प्राप्त करने वाले जिला के खिलाड़ियों को समापन सह पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने पुरस्कृत कर संबोधित करते हुए कहा कि आज बिहार खेल के क्षेत्र में काफी आगे है। सरकार खिलाड़ियों को खेल सम्मान पुरस्कार राशि देने के साथ बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था कर रही है । मेडल लाओ नौकरी पाओ में कई राष्ट्रीय एवम अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नौकरी पा रहे है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुआई में बिहार सरकार पंचायत स्तर पर खेल क्लब का गठन करने का काम शुरू कर दिया है। खेल मंत्री ने बिहार हैंडबॉल संघ एवम हैंडबॉल खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की । उन्होंने राज्य संघ द्वारा प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन कराने एवम बिहार के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने की दिशा में भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया। समारोह में खिलाड़ियों को पुरस्कार देने एवम संबोधित करने वालो में विशिष्ट अतिथि राज्य सरकार के पूर्व मंत्री सहरसा विधायक आलोक रंजन के अलावे बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा , सहरसा जिला भाजपा सह जिला हैंडबॉल अध्यक्ष दिवाकर सिंह ,जिला जदयू अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया जी , हम पार्टी अध्यक्ष रामरतन ऋषिदेव , रालोसपा प्रदेश महासचिव शिवेंद्र जीशू, क्रीड़ा भारती प्रांतीय अध्यक्ष चंद्रशेखर अधिकारी एवम सिद्धार्थ सिद्धू , अमित ठाकुर , गौरव झा, सुमित कुमार , मंजू वात्स्यायन, विप्लव रंजन , दर्शन कुमार गुड्डू , पंकज ठाकुर , कुणाल सिंह सहित अन्य थे । प्रतियोगिता में बेहतर खिलाड़ी का पुरस्कार नवादा के सचिन कुमार को जबकि बेस्ट गोलकीपर की ट्रॉफी दरभंगा के नीतीश कुमार को खेल मंत्री ने दिया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने बेहतर आयोजन के लिए सहरसा जिला हैंडबॉल संघ एवम जिला के खिलाड़ी एवम खेल प्रेमियों के प्रति आभार जताया। तीन दिन तक चलने वाले प्रतियोगिता में 350 से अधिक खिलाड़ी एवम तकनीकी पदाधिकारी की चर्चा करते हुए समापन समारोह का संचालन एवम प्रतिवेदन प्रस्तुति सहरसा जिला हैंडबॉल संघ के सचिव रौशन सिंह धोनी ने किया।

# राज्य स्तरीय विद्यालय खेलकूद हैंडबॉल में भाग लेने 42 सदस्यीय बालिका टीम दरभंगा रवाना

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** राज्य स्तरीय अंतर जिला स्कूली खेलकूद हैंडबॉल बालिका अंडर 14/17/19 में भाग लेने के लिए सारण जिला से 42 सदस्यीय बालिका टीम रविवार के सुबह मशरक जंक्शन से पाटलिपुत्र एक्सप्रेस से रवाना हुई। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवम जिला प्रशासन दरभंगा द्वारा 23 से 28 सितम्बर तक आयोजित तीन आयु वर्ग के बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्कूली खेल कूद प्रतियोगिता के परिणाम के आधार पर हुआ है। सारण टीम को जिला खेल पदाधिकारी मो शमीम अंसारी , प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मशरक डॉ वीणा कुमारी , जिला स्कूली हैंडबॉल संयोजक संजय कुमार सिंह ने रवाना किया। मौके पर सुजीत कुमार , अवधेश प्रसाद , यशपाल सिंह , कुंदन कुमार, मो खुर्शीद आलम सहित अन्य थे। बालिका अंडर 14 टीम मैनेजर शिवानी सिंह प्रशिक्षक अंजली कुमारी , अंडर 17 के टीम मैनेजर अभिषेक कुमार सिंह , प्रशिक्षक पुष्पा कुमारी एवम अंडर 19 के टीम मैनेजर राजा कुमार सिंह एवम प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार पांडेय टीम बनाए गए है। टीम में शामिल खिलाड़ियों में अंडर 14 में अर्चना कुमारी , गुड्डी कुमारी, खुशी कुमारी , प्रिया कुमारी , सोनी कुमारी , रीमा कुमारी , करिश्मा कुमारी, नेहा कुमारी , मुस्कान कुमारी, पूजा कुमारी, आर्या सिंह , राज अंजनी




बालिका अंडर 17 में निधि कुमारी , तृप्ति कुमारी, रागिनी कुमारी , सिमरन कुमारी, खुशी कुमारी , आदिति, दीपशिखा कुमारी, अंजली, नसीमा परवीन, आलिशा खातून , कल्पना कुमारी , साक्षी कुमारी जबकि अंडर 19 बालिका में मुस्कान कुमारी, रिया कुमारी, मनीषा कुमारी, शबाना खातून, खुशबू कुमारी, खुशी कुमारी , दूजा कुमारी , सुनीता, रिंकी कुमारी, गुड़िया कुमारी, नेहा कुमारी, अंकू कुमारी शामिल है।

# सोना-चांदी दुकान से लाखों का आभूषण चुराकर फरार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा/ अमनौर ।** अमनौर के रसूलपुर पर स्थित मां गायत्री ज्वेलर्स से एक चोर ने दुकामदार को चकमा देकर 80 ग्राम का स्वर्ण आभूषण की चोरी कर ली। चोरी गए अभूषण का मूल्य लाखों का बताया गया है।मामले में हुस्सेपुर निवासी पीड़ित दुकानदार प्रेमशंकर प्रसाद ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में? कहा है कि 19 सितम्बर को एक व्यक्ति उसके दुकान पर आया और सोना का कील खरीदने को लेकर बातचित की। उसने अपना नाम झखड़ा कुम्हार टोली निवासी सुनील कुमार बताया। 20 सितम्बर की शाम में वह दुबारा से दुकान पर आया और इस दौरान दुकानदान कुछ काम से जैसे ही थोड़ी देर के लिए बाहर निकला वह दुकान के एक बाक्स में रखे करीब 80 ग्राम के स्वर्ण आभूषण की चोरी कर निकल गया। दुकानदार जब उसकी खोज करते उसके बताए पते पर पहुंचा तो उसकी पहचान नही हो सकी । पीड़ित ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है ।

## जमीनी विवाद में मारपीट में तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के घोघिया गांव में जमीनी विवाद में मारपीट में तीन शख्स घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए। घायल घोघिया गांव निवासी स्व शिव रतन सिंह का 50 वर्षीय पुत्र सुरेश सिंह, सुरेश सिंह की 45 वर्षीय पत्नी प्रमिला देवी और 21 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी है। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई जिसमें सभी घायल हो गए। मामले में थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## देसी शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के केरवां मठिया गांव से गुप्त सूचना के आधार पर 5 लीटर देसी शराब के साथ दो धंधेबाजों को शनिवार की संध्या गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ के बाद रविवार को छपरा जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार धंधेबाजों में इसुआपुर थाना क्षेत्र के केरवां मठिया गांव के सिंहासन रावत का पुत्र मित्तल कुमार तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र बिनटोलिया छपरा के भुवन महतो का पुत्र बिजली कुमार शामिल है। धंधेबाज अपने घर के कोने में देसी शराब को छुपा कर रखा था। मध्य निषेध विभाग के पदाधिकारी तथा इसुआपुर थाना के द्वारा पकड़ा गया । इसुआपुर थाना से एस आई संजय कुमार शर्मा तथा पुलिस बल थे।

# अमनौर में जन सुराज पंचायत कार्यवाहक समिति की घोषणा की गई



**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण) ।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बैठक कर जन सुराज कार्यवाहक समिति की घोषणा की गई. प्रखंड के धर्मपुर जाफर,अमनौर हरनरायण पंचायत में जन सुराज के जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ के उपस्थिति में दोनों पंचायतों में बैठक का आयोजन कर जन सुराज के नये कार्यवाहक समिति की घोषणा की गई.धर्मपुर जाफर पंचायत में पंचायत अध्यक्ष संजय वर्मा, उपाध्यक्ष मनीष कुमार,विवेक सिंह संयोजक शैलेश तिवारी तथा उप संयोजक पृथ्वी कुमार को बनाया गया. वहीं अमनौर हरनारायण पंचायत में पंचायत अध्यक्ष जूनेद आलम, उपाध्यक्ष राजु कुमार महतो , संयोजक रमेश कुमार रिंकू तथा उप संयोजक रमेश महतो को बनाया गया.वहीं सभी को अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया गया. इस मौके पर कुलदीप महासेठ ने कहा कि जन सुराज का संगठन बहुत मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है. बिहार की जनता जन सुराज को एक बेहतर विकल्प के रूप में देख रही है.इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड संयोजक भानु प्रताप सिंह, तेरस महतो, देवान प्रासाद, राजेश महतो सहित अन्य जन सुराजी शामिल रहे।

# गंगा के जलस्तर मे कमी लोगों ने ली राहत की सांस

## तटवर्ती इलाके के उतर अभी भी बढ रहा बाढ का पानी

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज/छपरा।** सदर व गड़खा प्रखंड के दक्षिणी इलाकों में बाढ़ का पानी कम हुआ लिहाजालोगों ने राहत की सांस ली तो उत्तरी भाग के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलना शुरू हो रहा है। जिससे सदर प्रखंड के चिरांद,जलालपुर पंचायत के हिस्सों में पानी धीरे-धीरे फैल रहा है। वहीं पंचपटिया देवरिया मार्ग, पंचपटिया बसंत मार्ग पर भी पानी चढ़ गया है। जिससे पंचपटिया , देवरिया, मधुपुर,छोट झौंवा आदि गांवों का गड़खा जाने का रास्ता बंद हो जाने से आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं दक्षिणी भागों में फैले पानी कम हो रहे हैं और ग्रामीण सड़कों पर से पानी उतरना शुरू हो गया है। लेकिन अभी भी दर्जनों वैसे घर है जिसमें अभी भी बाढ़ का पानी फैला हुआ है। या फिर पानी निकलने के बाद भी घर गीला पड़ा हुआ है। जिससे उन्हें अभी भी एन एच -19 पर आश्रय लेकर रहना पड़ रहा है। वहीं पानी निकलने के बाद तेज धूप के कारण सड़ रहे घास फूस व फसलों की बदबू आ रही है। इन सभी इलाकों में महामारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है। वहीं किसानों को मवेशियों के लिए चारे की समस्या सता रही है।




# बसंतपुर : भवन निर्माण के दौरान करंट लगने से मजदूर की मौत

**परवेज अख्तर/सिवान।** बसंतपुर थाना क्षेत्र के खेढ़वा में रविवार को भवन निर्माण में काम कर रहे एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना के बाद अफरातफरी मच गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के बिठुना निवासी झूलन राय के पुत्र चंदन राय के रूप में हुई है। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। स्वजनों ने बताया कि चंदन राय रविवार को खेढ़वा गांव में नवनिर्मित पंचायत भवन में काम कर रहा था। इस दौरान वह छह पर काम करने के दौरान विद्युत तार की चपेट में आ गया जिससे करंट लगने से छत के नीचे गिर गया। वहां उपस्थित मजदूरों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसकी मौत की सूचना मिलते ही स्वजन अस्पताल पहुंचे और दहाड़ मारकर रोने लगे। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान कार्यक्रम स्थगित

**हसनपुरा (सिवान)।** नगर पंचायत हसनपुरा सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 22 से 26 सितंबर तक चलने वाले पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान कार्यक्रम स्थगित हो गया है। इस मामले में सीएचसी हसनपुरा के चिकित्सा पदाधिकारी डा. अभय कुमार ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान कार्यक्रम स्थगित हुआ है। जिले से नए तिथि निर्धारित होने के पश्चात पुनः इस अभियान को आरंभ किया जाएगा।

# 30 सितंबर को समाहरणालय पर प्रदर्शन करेगी भाकपा

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)** । आगामी 30 सितंबर को भाकपा स्थानीय 15 सूत्री मांगो को लेकर समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन करेगी । इसकी तैयारी को लेकर रविवार को प्रखंड के दयालपुर में प्रभातफेरी कर एक आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला सचिव रामबाबू सिंह ने कहा कि महंगाई , बेरोजगारी , भ्रष्टाचार एवं अपराध कर्मो में हो रही वृद्धि के लिए केंद्र एवं राज्य दोनो सरकारें जिम्मेवार हैं । यदि इसपर लगाम नहीं लगा तो सरकार के खिलाफ तेज संघर्ष चलाया जायेगा जिसके लिए आप सब को तैयार रहना होगा । प्रो भूपेश भीम ने कहा कि दयालपुर के भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को अभी तक पांच डिसमिल जमीन देने की मांग खटाई में है वही दूसरी ओर सर्वे के काम में तीव्र गति से भ्रष्टाचार शुरू हो गया है जो चिंताजनक है । इन सबके समाधान के लिए 30 सितंबर को आहूत प्रदर्शन में आप सभी लोग अभी से जुट जाएं और प्रदर्शन को सफल बनाएं। उक्त कार्यक्रम में भरत राय , चमचम महतो , जितेंद्र महतो , रवींद्र कुमार , रमावती देवी , अरुण कुमार , रविकिशन कुमार , सुगेंद्र शर्मा , नंदन जी , छठिया देवी , नुरैशा खातून , कांति देवी , शांति देवी , पूनम देवी एवं रामप्रीत महतो उपस्थित थे ।



# फर्जी तरीके से दूसरे की जमीन की घेराबंदी करने के संबंध में प्राथमिक की दर्ज

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)।** थाना क्षेत्र के रामदासचक गांव में फर्जी कागजात बनाकर दूसरे की जमीन को अपनी बता कर मनरेगा के तहत लोहे के एंगल व कंाटा तार से घेराबंदी करने को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार रामदासचक निवासी श्रीनिवास सिंह ने बताया है कि गांव में मेरे पिता के नाम से मेरा जमीन है जिसे रामदासचक के अनिल सिंह पिता महेश्वर सिंह के द्वारा जमीन का फर्जी कागजात बनाकर मनरेगा से लोहे का एंगल व कंाटा तार से घेराबंदी कर कब्जा करने का प्रयास किया गया।इस संबंध में जमीन मालिक द्वारा जिलाधिकारी तथा एसपी के पास लिखित आवेदन दिया था।जिसके बाद एसपी ने दिघवारा थानाध्यक्ष को इस मामले में जाँचकर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था।हालांकि मनरेगा कर्मी द्वारा मामला के गंभीरता को देखते हुए उक्त जमीन से सारे घेराबंदी को हटा दिया गया है।

## महिला को कार ने कुचला, एक की मौत, एक घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सिउरी नहर पर बकरी चरा रहीं महिलाओं को अनियंत्रित कार ने कुचलते हुए फरार हो गया, वहीं एक महिला की मौत और दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराई गई। मृतक सिउरी गांव निवासी स्व साहेब हुसैन की 52 वर्षीय पत्नी रसूलन बीबी हैं और घायल मोती लाल राय की 40 वर्षीय पत्नी सबिता देवी हैं। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रकिया शुरू कर दी। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि गांव की महिलाएं नहर के किनारे बकरी चरा रहीं थीं कि उसी दौरान अनियंत्रित कार कुचलते हुए फरार हो गया। मृतक महिला को तीन बेटा और एक बेटी हैं।

# सदर प्राथमिक शिक्षक संघ के अमरेन्द्र अध्यक्ष एवं दिग्विजय बने सचिव



**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** सदर प्रखण्ड के अर्जुन सिंह मध्य विधालय विष्णुपुरा मे प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक आयोजित की गयी जिसमे चुनाव पर्यवेक्षक संजय कुमार एवं मतदान पदाधिकारी शहुद आलम की उपस्थिति मे सदर प्रखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ चुनाव संपन्न कराया गया ।जिसमे सर्वसम्मति से सदर प्रखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ का गठन किया गया जिसमे अमरेन्द्र कुमार सिंह को अध्यक्ष , दिग्विजय नारायण सिंह को अंचल सचिव , राकेश कुमार सिंह , देवेन्द्र प्रसाद राय को वरिय उपाध्यक्ष , मुकेश कुमार , रोहित कुमार एवं रविरंजन को उपाध्यक्ष , पंकज प्रसुन , अश्विनी कुमार यादव को उप अंचल सचिव , अशोक माँझी , अर्चना कुमारी एवं पंकज कुमार गुप्ता को उप सचिव , धर्मेन्द्र कुमार सिंह को कार्यालय सचिव , नमन को कोषाध्यक्ष एवं कृष्णा कुमार सिंह को अंकेक्षण के पद पर मनोनीत किया गया ।

# मीटर रीडिंग करने गये कर्मियों के साथ मारपीट

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थानाक्षेत्र के खरौनी में विधुत उपभोक्ता के घर मीटर रिडिंग करने गये कर्मियों के साथ मारपीट व गाली गलौज का मामला प्रकाश में आया है। जेई विधुत विभाग के लिखित आवेदन पर पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में कहा गया है कि खरौनी में विधुत मीटर का रीडिंग करने गये कर्मी के साथ मारपीट और गाली गलौज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।?

## अंवारी में आपसी विवाद को लेकर मारपीट

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के अंवारी में आपसी विवाद में हुई मारपीट मामले में एक महिला जख्मी हो गी। पुलिस ने महिला की लिखित शिकायत पर पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि अंवारी निवासी राजू उपाध्याय की पत्नी शोभा देवी के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। प्राथमिकी में महिला? ने कहा है कि उसके परोसी संजय मिश्रा की पत्नी मंशा देवी व उनके चार पुत्र उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। इसका विरोध करने पर सभी आरोपियों ने उसके साथ साथ मारपीट शुरु कर दी। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे उसके पुत्र सुशांत को भी नामित आरोपियों मारपीट कर जख्मी कर दिया।

## सेवा पखवाड़ा और सदस्यता अभियान के लिए भाजपा ने की बैठक

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** भाजपा पूर्वी मंडल ने पार्टी कार्यालय पर शक्ति केंद्रों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप मढ़ौरा विधानसभा प्रभारी सत्यानंद सिंह उपस्थित हुए। सत्यानंद सिंह ने सदस्यता अभियान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला और हर बूथ पर 200 सदस्य बनाने पर बल दिया। सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रम पर भी चर्चा करते हुए भागीदारी निभाने की बात कही।23 सितम्बर को आयुष्मान कार्ड बनाने पर चर्चा की। मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में तेजनारायण सिंह, धर्मनाथ सिंह,अंबिका मांझी राजीव रंजन सिंह, नीतू सिंह, सुबी देवी, प्रियंका पाण्डेय, लालबाबू सिंह, धनेश्वर उपाध्याय, शिवप्रसन्न भारती, सुबोध कुमार यादव, हरिशंकर नट, जयप्रकाश सिंह, नागेंद्र राम, श्याम कुमार सिंह, अर्जुन साह एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।



# महाराजगंज में मोबाइल छीनने के दौरान अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**परवेज अख्तर/सिवान।** महाराजगंज थाना क्षेत्र के रिसौरा-सिसई मुख्य मार्ग के जिन बाबा के समीप शौच कर लौट रहे 30 वर्षीय युवक से मोबाइल छीनने के दौरान असफल हुए अपराधियों ने गोली मार कर सदीद तौर पर जख्मी कर दिया।घायल का इलाज सिवान सदर अस्पताल में चल रहा है।उक्त घटना रविवार की देर संध्या की बताई जा रही है।आनन-फानन में गोली के शिकार घायल युवक को ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए सिवान सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां खबर लिखे जाने तक उसका इलाज जारी था।उधर ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा पदाधिकारी डॉमुकेश कुमार रंजन ने बताया कि युवक को पैर में गोली लगी है और गोली पैर में ही फंसी हुई है।जिसको निकालने का प्रयास किया जा रहा है।घायल युवक महाराजगंज थाना क्षेत्र के रिसौरा गांव का कमलेश प्रसाद( 30 वर्ष) है। जो सुरेंद्र प्रसाद का बेटा बताया जा रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि अपराधियों के गोली के शिकार कमलेश प्रसाद जो दिल्ली में मजदूरी करता है।ग्रामीणों ने यह भी बताया है कि अपराधियों ने मोबाइल छीनने के दौरान उसके साथ मारपीट भी की है।लेकिन अपराधी मोबाइल छीनने में असफल हो गए।तब आक्रोशित अपराधियों ने उसे गोली मारकर घायल कर दिया।मोबाइल छीनने वाले अपराधी बाइक सवार थे जो घटना को अंजाम देने के बाद रिसौरा बाजार की ओर भागने में सफल रहे।उधर घटना की सूचना मिलते ही नगर इंस्पेक्टर सुदर्शन राम दलबल के साथ सिवान सदर अस्पताल पहुंचकर घायल युवक का फर्द बयान लेने के बाद इसकी सूचना महाराजगंज थाना पुलिस को दी।उधर सूचना प्राप्त होते हीं महाराजगंज थाने की पुलिस अपराधियों की पहचान करने एवं संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी करने में जुटी हुई थी।खबर प्रेषण तक पुलिस को इस मामले में कोई भी सफलता हासिल नहीं हो सकी है।



# स्वच्छता के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

**सिवान।** सिवान जंक्शन पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के छठे दिन रविवार को रेलवे कर्मचारी एवं यात्रियों को बताया गया कि घर या कार्यालय से निकले वेस्ट को रियूज कर घर कि आवश्यक सामग्री बनाई जा सकती है। जैसे डोरमेट, गमला, गुलदस्ता आदि। स्वच्छता कैंपेन के साथ लोगों के बीच यह संदेश दिया गया कि कोई भी काम हम सभी मिलकर करें तो असंभव काम भी संभव हो जाता है। इसी कड़ी में सेल्फी प्वाइंट लगाकर पैसेंजर एवं रेलवे कर्मचारी ने अपनी अपनी सेल्फी लेकर मनोविनोद किया। यात्रियों को कूड़ा कूड़ेदान में ही डालने के लिए बताया गया। उन्हें जागरूक किया गया गीला कचरा हरा रंग के डस्टबिन में डालें और सूखा कचरा ब्लू कलर के डस्टबिन में डालें तथा हजार्ड वेस्ट को येलो कलर के डस्टबिन में डालें। इसी कड़ी इसके साथ ही यात्रियों से अनुरोध किया गया कि हर व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाए। कार्यक्रम में उपस्थित स्टेशन अधीक्षक मुकेश कुमार सिंह, हेल्थ इंस्पेक्टर राधेश्याम रमन, डीसीआई विशाल सिंह, टीसी निशा कुमारी, सुपरवाइजर अभिनंदन कुमार, दीपू कुमार यादव, अजय एवं समस्त रेल कर्मचारी और हाउसकीपिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत पौधारोपण

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड के सभी पंचायतों में कचरा निस्तारण प्रबंधन के अलावा थाना परिसर, प्रखंड परिसर, सीएचसी, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय परिसर, जीविका एवं निजी स्थानों जगहों पर स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया । थाना परिसर में थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने संदेश दिया कि ''मैं चोर और बदमाशों से आपकी रक्षा कर सकता हूं, लेकिन गंदगी से फैलने वाली बीमारियों से रक्षा आपको स्वयं करनी होगी। इस अवसर पर डा. गुलाम अहमद, रंजीत कुमार, बीपीएम अमित कुमार चौधरी, थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव, सब इंस्पेक्टर चितरंजन कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## गार्ड से हथियार के बल मोबाइल व रुपये की लूट

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सिवान-सिसवन मुख्य मार्ग पर फलदूधिया के समीप शनिवार की देर शाम बाइक सवार तीन बदमाशों ने एटीएम गार्ड हथियार का भय दिखा 800 रुपये नकद एवं मोबाइल लूट ली। इस मामले में पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।बताया जाता है कि एमएच नगर थाना क्षेत्र के लहेजी निवासी कृष्ण दयाल यादव सदर अस्पताल रोड स्थित एसबीआइ बैंक के एटीएम में गार्ड की नौकरी करते हैं। वे शनिवार की देर रात्रि अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। तभी सिवान- सिसवन मुख्य मार्ग पर फलदूधिया समीप बाइक सवार तीन बदमाश उन्हें घेर लिए तथा हथियार का भय दिखा उनके पास से आठ सौ रुपये एवं मोबाइल लूट ली।

## लायंस क्लब वैदेही ने लगाया निशुल्क जांच शिविर

**सिवान।** शहर के महादेवा रोड स्थित वीएमएचई स्कूल परिसर में रविवार को लायंस क्लब वैदेही की ओर से निशुल्क मधुमेह (डायबिटीज) और ब्लड प्रेशर (बीपी) जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का तकरीबन दो सौ मरीजों ने लाभ उठाया। शिविर में मरीजों के रक्तचाप और मधुमेह की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया। यह शिविर सुबह छह बजे से साढ़े आठ बजे तक चला। यह जानकारी लायंस क्लब की सचिव मोनिका शेखर ने दी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष दीपशिखा दास, लायंस क्लब वैदेही की सदस्य डा. अमृता सिंह, अंजना श्रीवास्तव, अचला तिवारी, नाजिया शादाब, सीमा तिवारी, शोभा मिश्रा, सविता कुमारी, नाज बेगम, कंचन सिंह, प्रियंका भारती, दुर्जय शंकर, अनमोल कुमार, सूरज कुमार, शादाब जावेद व अन्य उपस्थित रहें।

## जंक्शन से संदेहास्पद हालत में पांच गिरफ्तार

**सिवान।** जंक्शन से संदेहास्पद हालत में पांच युवकों को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि रविवार को प्लेटफार्म नंबर एक के पूर्वी छोर से पांच युवकों को संदेहास्पद हालत में और बिना किसी प्राधिकार पत्र के घूमते पाकर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी में सिसवन निवासी अमित कुमार सिंह, हसनपुरा निवासी निरंजन कुमार, गुठनी थाना क्षेत्र के भरौली निवासी सुमित कुमार राम, बसंतपुर थाना क्षेत्र के लहेजी निवासी रंजीत कुमार व देवरिया जिला के कोतवाली थाना क्षेत्र के सलेमपुर वार्ड दस निवासी संजय शामिल है।

## बड़हरिया : दो बदमाशों ने की पांच लाख के आभूषण की ठगी

**परवेज अख्तर/सिवान।** बड़हरिया प्रखंड मुख्यालय के अस्पताल रोड स्थित जलाल मार्केट में रविवार की सुबह ग्राहक बनकर आए बदमाशों ने पांच लाख के आभूषण की ठगी कर ली। इस मामले में पीड़ित थाना की सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है।बताया जाता है कि अस्पताल रोड स्थित जलाल मार्केट में पिपराही निवासी रामजी साह के आभूषण की दुकान है। रविवार को रामजी साह के पुत्र रंजीत सोनी अपनी दुकान पर बैठे थे तभी दो ठग ग्राहक बनकर पहुंचे और दुकानदार से दान करने के लिए गहना दिखाने के लिए बोले। दुकानदार ठगों को आभूषण दिखा रहे थे। उसी समय दुकान में बैठा एक ठग काउंटर के नीचे रखे गहने के एक डिब्बे से आभूषण निकाल अपने जेब में रख लिया और दुकानदार को दूसरा आभूषण दिखाने को कहा। इस दौरान दुकानदार द्वारा आभूषण दिखाने पर आभूषण पसंद आने की बात कही तथा उसे दो हजार रुपये देकर पूरी राशि भुगतान कर ले जाने की बात कह फरार हो गया। ठगों के जाने के बाद जब दुकानदार ने अपने गहने का डिब्बे की जांच की तो एक डिब्बा में रखा 60 ग्राम सोने का आभूषण गायब था जिसकी कीमत करीब पांच लाख थी। इस मामले सलोनी ज्वेलर्स के मालिक पिपराही निवासी रामजी साह ने दो अज्ञात के विरुद्ध थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है।

## सिसवन : नदी में स्नान करने के दौरान वृद्ध लापता, खोजबीन का प्रयास जारी

**परवेज अख्तर/सिवान।** सिसवन थाना क्षेत्र के गंगपुर सिसवन के महादेव सिंह छठ घाट के समीप रविवार को स्नान करने के दौरान गहरे पानी में जाने के कारण एक वृद्ध नदी की तेज धार में लापता हो गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय गोताखारों के माध्यम से वृद्ध को खोजने का प्रयास किया गया, लेकिन घंटों बाद भी वृद्ध का कहीं पता नहीं चला। लापता वृद्ध की पहचान गंगपुर सिसवन निवासी सत्यदेव सिंह के रूप में हुई है।बताया जाता है कि सत्यदेव सिंह रविवार की सुबह करीब नौ बजे गंगपुर सिसवन स्थित महादेव सिंह छठ घाट के समीप सरयू नदी में स्नान करने गए थे। इस दौरान गहरे पानी में जाने के कारण नदी की तेज धारा में बह गए। उनके डूबते देख ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू किया। काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ नदी के घाट के समीप उमर पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन घाट के समीप पहुंचे और उनकी लाठी व चश्मा बरामद की। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि वे अपना चश्मा एवं लाठी घाट पर रखकर सरयू नदी में स्नान करने गए होंगे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिसवन थाना एवं अंचलाधिकारी को दी। सूचना मिलते ही सीओ पंकज कुमार, राजस्व कर्मचारी पंकज कुमार एवं थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, एसआइ कृष्ण कुमार शुक्ला दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली। इस दौरान सीओ ने नाव व गोताखोरों की व्यवस्था की। करीब दो घंटे बाद ग्यासपुर से निजी नाव मंगाया गया और नाविक व गोताखोरों के माध्यम से वृद्ध की तलाश शुरू की गई। फी खोजबीन के बाद भी वृद्ध का कहीं पता नहीं चला।

## प्लेटफार्म से दो अवैध वेंडर गिरफ्तार

**सिवान।** आरपीएफ ने जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक से दो अवैध वेंडरो को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि रविवार को मेरे निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार पांडेय, कांस्टेबल उपेंद्र मिश्रा, कांस्टेबल अनिल कुमार नंबर एक पर गश्त कर रहे थे। तभी गाड़ी संख्या 15048 पूर्वांचल एक्सप्रेस के आगमन पर दो अवैध वेंडरो को लिट्टी और भुजा बेचते हुए दिखाई दिए। उनसे खाद्य सामग्री बेचने के संबंध में प्राधिकार पत्र की मांग किया गया तो उनके द्वारा कोई प्राधिकार पत्र नहीं दिखाया गया और नहीं संतोषजनक उत्तर दिया गया। उक्त व्यक्तियों को बिना प्राधिकार पत्र के खाद्य सामग्री बेचने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी में मैरवा निवासी सुनील कुमार व छपरा जिला के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के गुदरी निवासी बब्बन साह शामिल है।

## तरवारा : चंदन हत्याकांड में एक नामजद आरोपित गिरफ्तार, पूछताछ के बाद भेजा गया जेल

**परवेज अख्तर/सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के सतवार गांव में 18 जून को हुए चंदन यादव हत्याकांड मामले में स्थानीय थाना ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार साहलपुर निवासी मनीष यादव है। जीबी नगर थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर जीबी नगर थाना कांड संख्या 311/24 दिनांक 18 जून चंदन यादव हत्याकांड में नामजद अभियुक्त साहलपुर निवासी मनीष यादव को गिरफ़्तार किया गया। बता दें कि चंदन हत्याकांड में तीन युवकों के खिलाफ एफआईआर कराई गई थी। इसमें जलालपुर निवासी अंकित कुमार व सचिन रजक जबकि साहलपुर निवासी मनीष यादव हैं। बड़हरिया के तिलसंडी निवासी दहारी चौधरी ने दिए गए आवेदन में पुलिस को बताया था कि उसके पोता चंदन कुमार को उसके कुछ दोस्तों ने मोबाइल पर कॉल कर किसी काम के लिए बुलाया। मैंने जब अपने पोता से पूछा कि किसके साथ जा रहे हो तो उसने बताया कि जलालपुर गांव के अंकित कुमार, सचिन रजक व सलाहपुर के मनीष यादव ने बुलाया है। इसके बाद आठ बजे रात में सूचना मिली कि चंदन की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। चंदन कुमार यादव के सिर में गोली लगी थी और शरीर से अधिक खून गिरने से उसकी मौत हो चुकी थी।




## 74 गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**हसनपुरा(सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत 74 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिए गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अभय कुमार व स्वास्थ्य प्रबंधक आलोक रंजन ने बताया कि इस दौरान महिलाओं का वजन, ब्लड, शुगर, बीपी आदि की जांच की गई तथा उन्हें खानपान आदि की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य जांच करने में डा. इश्तेयाक अहमद, एलटी असलम फारुकी, मुजफ्फर सिवानी, बीसीएम सुनीता देवी, किरण कुमारी, डाटा आपरेटर प्रदीप पाठक आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## शराब सहित बाइक जब्त, एक गिरफ्तार

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पानी टंकी के समीप शराब सहित एक बाइक को पुलिस ने जब्त की है। वहीं बाइक सवार एक युवक गिरफ्तार किया। इस मामले में थानाध्यक्ष सुदर्शन राम ने बताया कि गश्त टीम को सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक पर शराब लेकर जा रहा है। टीम गठित कर कार्रवाई की गई जहां लक्ष्मीपुर पानी टंकी के समीप शराब सहित युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लक्ष्मीपुर निवासी सुरेश चौहान के पुत्र छोटे कुमार है। बाइक पर लदी 308 लीटर देसी शराब जब्त की गई बाइक को भी जब्त किया गया है। पूछताछ कर जेल भेज दिया गया है।

## आटो मालिक की गिरफ्तारी के लिए पैतृक गांव में हुई छापेमारी

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के आंदर ढाला ओवर ब्रिज के नीचे 19 सितंबर की देर रात एक आटो मालिक साहिल ने अपने साथी मो.कैफ के साथ मिलकर चालक हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हरिहांस पश्चिम टोला निवासी रुस्तम अली को गोली मारकर घायल कर दिया था। इस घटना में शामिल मो.कैफ को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन तीन दिन बाद भी पुलिस आटो मालिक साहिल को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। वह अभी भी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इस मामले में फरार आटो संचालक साहिल की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा उसके पैतृक गांव मंदरपाली तथा अन्य संभावित स्थानों पर पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है।

## केंद्रीय अखाड़ा समिति की हुई बैठक

**सिवान।** दाहा नदी स्थित अग्रवाल शिव मंदिर के प्रांगण में रविवार को केंद्रीय अखाड़ा समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें दुर्गा पूजा, महावीर पूजा और गणेश पूजा के सभी लाइसेंस धारियों और समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता बबलू शाह ने की। इस दौरान निर्णय लिया गया कि आगामी दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएगी। सभी लाइसेंस धारियों ने प्रशासन से कुछ विशेष मांगें रखीं, इसमें दुर्गा पूजा के पंडाल और अखाड़ों में पर्याप्त प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करना शामिल था। सभी जगहों पर लाइट प्रशासन के माध्यम से की जाए। सभी लाइसेंस धारियों को सम्मान मिले। बेवजह बाजे, ट्रैक्टर और अखड़ा के सदस्यों को प्रशासन परेशान न करे। बैठक में शंकर, राजीव रंजन उर्फ राजू, कैलाश कश्यप, उत्तम सोनी, देवेंद्र गुप्ता, अजय कुमार सिंह, गणेश कसेरा सहित सभी लाइसेंस धारियों और सदस्य की उपस्थिति रही।

## ज्वेलर्स दुकान में दिनदहाड़े लाखों की ठगी, सीसीटीवी आया सामने, फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

**बगहा (वाल्मिकीनगर), एजेंसी।** चौतरवा थाना क्षेत्र के पतिलार बाजार में ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। माँ विन्ध्वासिनी ज्वेलर्स की दुकान से दो अज्ञात ठग लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहने लेकर फरार हो गए। घटना के दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात कैद हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश की ओर से एक मारुति कार में सवार होकर आए दो व्यक्ति खरीदारी करने के बहाने दुकान में घुसे। उन्होंने दुकानदार को बातों में उलझाकर गहने इकट्ठा किए और ठगी करते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के दौरान चौतरवा थाना के चौकीदार रामशंकर प्रसाद भी मौके पर उपस्थित थे। लेकिन उन्हें ठगी का आभास नहीं हुआ। चोरी का पता चलते ही दुकानदार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। चौतरवा थाना के एसआई रामाश्रय यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि ठगों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है, और जल्द ही दोषियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। वही सीसीटीवी फुटेज को सभी ग्रुपों और थानों में सर्कुलेट किया जा रहा है ताकि चोरों की पहचान हो सके।

साओ व थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

